जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-6 | जयपुर, सोमवार, 9 फरवरी, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4




## चौमूं में अपशिष्ट पदार्थों की बदबू से लोगों का जीना हुआ बेहाल

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं गढ़ परिसर स्थित प्राचीन कालीन सुरक्षात्मक दृष्टि से बनाई गई नहर में अज्ञात लोगों द्वारा अर्धरात्रि के बाद मांस के अपशिष्ट चोरी छुपके नहर में डाले जा रहे हैं, जिससे वार्ड नंबर 31 के नागरिक परेशान हो रहे हैं।

नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद विक्रम सिंह जोधा ने बताया कि चौमूं की प्राचीन नहर में रात को अज्ञात लोगों द्वारा मांस का अपशिष्ट डाला जाता है, जिससे नहर के पास रहने वाले नागरिक बदबू से बेहाल हैं। उनका साँस लेना भी दूभर हो गया है।

पुराने बैंक ऑफ़ बड़ौदा से लेकर ग्वारियो की मोरी, हॉस्पिटल कैंपस के पास के क्षेत्र में अपशिष्ट पदार्थ की दुर्गंध से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस क्षेत्र में राजकीय चिकित्सालय, गर्ल्स स्कूल और गणेश जी का मंदिर भी स्थित है। इसलिए नगर परिषद और उपखंड प्रशासन से अपील की जाती है ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए जो रात के अंधेरे का फायदा उठाकर गंदे अपशिष्ट नहर में डालकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

## स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार 'अजेय' जी की

## 110वीं जयंती विशेष



राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार अजेय की 14 फरवरी 2026 को 110 वी जयंती है ।

राजेंद्र कुमार 'अजेय' प्रदेश के वरिष्ठ और प्रथम पत्रकार थे जिन्होंने 14 फरवरी 2016 को 100 वे वर्ष में प्रवेश किया और मृत्यु से 1 महीने पहले तक हमारा वतन को संपादित किया ।

देशभक्ति के जोशीले लेखों के कलमकार, स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र कुमार 'अजेय' का नाम आजादी के क्रांतिकारियों में दर्ज है, जिन्होंने न केवल अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी बल्कि राजशाही सामंतों की भी खिलाफत की । देश की आजादी की लड़ाई में उनका जीवन किन कठिनाइयों से गुजरा उनकी चर्चा से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं । आक्रामक व तीखी लेखनी के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संरक्षण हेतु संपादकीय कॉलम के ऊपर छपने वाली चार लाइने इस संदर्भ को आज भी स्पष्ट करती हैं कि - क्या खाक लिखे कोई, बरगश्ता जमाना है, कांटो पे भी चलना है, दामन भी बचाना है । सन 1965 में हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र की स्थापना की । 29 नवंबर को प्रथम अंक का प्रकाशन हुआ । जो आज 62 वें साल में प्रवेश कर निरंतर प्रकाशित हो रहा है ।राजेंद्र कुमार 'अजेय' उस शख्सियत का नाम है जिसका नाम लेते ही धमनियों में बहने वाला लहू तत्काल खौलने लगता है । जिसका सिर न कभी अंग्रेजों के सामने झुका, न राजा - महाराजा, ठाकुर ,सामंतों के सामने समर्पण भाव प्रकट किया । ओर तो ओर अपनों के सामने भी यातना के स्वर नहीं निकाले । यही तो 'अजेय' जी की जीवन शैली की उत्कृष्टता थी कि सर कटा सकते हैं लेकिन, सर झुका सकते नहीं !

**110 वें जन्मदिवस पर हमारा वतन समाचार पत्र परिवार साष्टांग प्रणाम करता है ।**

## कोटा से श्याम बाबा की यात्रा का ईटावा भोपजी स्थित श्री साई मंदिर में हुआ भव्य स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)**

कोटा से निकली श्याम बाबा की पावन यात्रा का श्री शिरडी साई मंदिर, ईटावा भोपजी में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया।

साई मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि मंदिर परिसर में यात्रियों का पुष्पवर्षा एवं साई नाम के जयघोष के साथ अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

यात्रा के आयोजक दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में आए श्रद्धालुओं का मंदिर समिति द्वारा आत्मीय सत्कार किया गया। यात्रा दल का रात्रि विश्राम श्री साई मंदिर परिसर में ही रहा, जहाँ यात्रियों ने साई दरबार में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। संपूर्ण कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और भक्ति की अनुपम मिसाल बना रहा।

## सुबोध पब्लिक स्कूल सांगानेर के विद्यार्थियों ने किया इंडियन बर्डिंग फेयर का शैक्षणिक भ्रमण

**जयपुर (हमारा वतन)**

आमेर रोड स्थित मानसागर झील पर आयोजित 29वें इंडियन बर्डिंग फेयर में सुबोध पब्लिक स्कूल, सांगानेर एयरपोर्ट के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। यह फेयर 6 व 7 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया, जिसमें इस वर्ष पक्षियों के साथ-साथ कीड़ों के संरक्षण पर विशेष फोकस रखा गया ।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के साथ दूरबीन और टेलिस्कोप की सहायता से मानसागर झील एवं आसपास के क्षेत्रों में पाए जाने वाले पक्षियों को नजदीक से देखा।



पक्षी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि यहाँ लगभग 155 प्रजातियों के पक्षी देखे जा सकते हैं, जिनमें विदेशी जलपक्षी भी शामिल हैं।

इस वर्ष मेले की सबसे खास बात यह रही कि विद्यार्थियों को कीड़ों की भूमिका और पर्यावरण में उनके महत्व के बारे में जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कीड़े परागण, खेती तथा खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यदि कीड़े न हों, तो न पक्षी बचेंगे और न ही मानव जीवन संतुलित रह पाएगा।

मेले के अंतर्गत खुले आसमान के नीचे कक्षा (ओपन सेशन) का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से सवाल-जवाब में भाग लिया। बच्चों ने अपने घर व स्कूल परिसर में देखे गए कीड़ों और पक्षियों के अनुभव साझा किए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने एनजीओ स्टॉल, जागरूकता प्रदर्शनी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का अवलोकन किया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिससे उनमें प्रकृति, पक्षियों एवं कीड़ों के संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हुई।


Happy Wedding Anniversary

17वीं वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं (14 फरवरी)



गुंजन सैनी - भूपेंद्र तंवर

स्व. बाबूलाल सैनी - फूली देवी,
स्व. राजेंद्र तंवर - विजयलक्ष्मी तंवर,
पुष्पेंद्र तंवर, हृदय तंवर
और हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं !

आपकी जोड़ी हमेशा सलामत रहे !

# कन्या महाविद्यालय चौमूं में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**जयपुर (हमारा वतन)**

शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में राजस्थान राज्य महिला नीति के अंतर्गत छात्राओं के लिए आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यवहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाना रहा।



इस अवसर पर नारी शक्ति संस्था से जुड़ी प्रशिक्षक धर्मा नागा जाट, जो कि एक अनुभवी जिम ट्रेनर हैं, द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा एवं फिटनेस से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि धर्मा नागा जाट अब तक पंद्रह हजार से अधिक महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मरक्षा व फिटनेस के गुर सिखा चुकी हैं। उनके प्रशिक्षण ने छात्राओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम में कुल 107 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रत्येक छात्रा के लिए अत्यंत आवश्यक है और ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. उषा परनामी, राज्य महिला नीति प्रभारी डॉ. माधुरी गोस्वामी, छात्रा सुरक्षा समिति प्रभारी डॉ. हंसा लुनायच के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों डॉ. रीना शाक्तावत, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. अनीता कुमावत, डॉ. शहिना परवीन उपस्थित रहे एवं कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# साईबर अलर्ट- कैप्चा (Captcha) भरने की नौकरी कहीं खाली न कर दे आपका बैंक खाता




**जयपुर (हमारा वतन)।** घर बैठे आसान कमाई का सपना देखने वालों के लिए एक खतरनाक जाल बिछाया जा रहा है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम के निर्देशन में साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एक ऐसे ट्रेंड का खुलासा किया है, जो कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर मासूम लोगों की मेहनत की कमाई डकार रहा है।

उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि ठगों की कार्यप्रणाली बेहद शातिर है। ये जालसाज फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स पर लुभावने विज्ञापन चलाते हैं। विज्ञापन में दावा किया जाता है कि आपको केवल स्क्रीन पर दिखने वाले कैप्चा कोड टाइप करने हैं और बदले में आप हर महीने हजारों रुपये कमा सकते हैं। न्यूनतम प्रयास और अधिकतम लाभ का लालच बेरोजगार युवाओं और गृहणियों को आसानी से अपनी ओर खींच लेता है।

**रजिस्ट्रेशन के नाम पर फीस की वसूली-** जैसे ही कोई व्यक्ति इनके झांसे में आता है, उसे एक फर्जी जॉब एग्रीमेंट दिखाया जाता है ताकि सब कुछ असली लगे। इसके बाद शुरू होता है वसूली का खेल। कभी सॉफ्टवेयर चार्ज, कभी ट्रेनिंग फीस तो कभी सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर पीड़ित से हजारों रुपये जमा करवा लिए जाते हैं। विश्वसनीयता बनाने के लिए ठग बाकायदा फर्जी आईडी और फर्जी दफ्तर के पते भी साझा करते हैं।

**असंभव टार्गेट और पेमेंट का धोखा-** पैसे लेने के बाद पीड़ित को एक पोर्टल का एक्सेस दिया जाता है। यहाँ उन्हें बेहद कम समय में हजारों कैप्चा भरने का टास्क दिया जाता है। जब पीड़ित भुगतान मांगता है, तो ठग उसकी मेहनत में गलतियां निकाल देते हैं। अंत में कमाई निकालने के लिए फिर से प्रोसेसिंग शुल्क या टैक्स के नाम पर और पैसों की मांग की जाती है। पैसे मिलते ही ठग अपना फोन बंद कर गायब हो जाते हैं।

**साइबर पुलिस की सुरक्षा गाइडलाइन-** राजस्थान साइबर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे इन बातों का विशेष ध्यान रखें -

**एडवांस पेमेंट न दें-** कोई भी प्रतिष्ठित कंपनी काम देने के लिए पैसे नहीं मांगती।

**संदेह करें-** यदि काम बहुत सरल है और पैसा जरूरत से ज्यादा मिल रहा है, तो वह शत-प्रतिशत फ्रॉड है।

**समीक्षा करें-** किसी भी प्लेटफॉर्म पर जुड़ने से पहले उसकी ऑनलाइन रेटिंग और फोरम पर चर्चा जरूर पढ़ें।

**यहाँ दर्ज कराएं अपनी शिकायत-** यदि आप इस ठगी का शिकार हुए हैं, तो घबराएं नहीं। तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या 9256001930 / 9257510100 पर संपर्क करें। आप अपनी शिकायत www.cybercrime.gov.in पर भी दर्ज करा सकते हैं।

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# बजट से रेशम और खादी उद्योग को मिलेगी नई संजीवनी

**लखनऊ (हमारा वतन)**

केंद्रीय बजट में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई घोषणाओं से जिले के रेशम, खादी और हथकरघा से जुड़े लोगों में उत्साह है। शहतूत की खेती, रेशम उत्पादन और खादी उद्योग से जुड़े स्थानीय प्रयासों को अब राष्ट्रीय योजनाओं के जरिये नई पहचान और मजबूती मिलने की उम्मीद जगी है। इससे न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

जिले में स्वयं सहायता समूह की 50 से अधिक महिलाओं को शहतूत की खेती से जोड़ा गया है। शहतूत के पेड़ पर ही रेशम का कीट पलता है, इससे रेशम का धागा तैयार करने के लिए कच्चा माल उपलब्ध होता है। महिलाओं को खेती के साथ अतिरिक्त आय का साधन मिल रहा है। शहर में पहले से ही रेशम का धागा बनाने का कार्य होता है, इससे स्थानीय कपड़ा बाजार को मजबूती मिलने की संभावना है।

वित्त मंत्री ने बजट में राष्ट्रीय फाइबर नीति के तहत रेशम, ऊन और जूट को बढ़ावा देने की घोषणा की है। इसके साथ ही हैंडलूम मिशन, समर्थ-2.0 और मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना जैसे कदमों से कपड़ा उद्योग में रोजगार सृजन को गति मिलेगी। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के माध्यम से खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे एक जिला-एक उत्पाद और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को लाभ मिलेगा। इसके अलावा पारंपरिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण के लिए वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना, बुनकरों और कारीगरों की सहायता के लिए राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प कार्यक्रम लाए जाएंगे। जिले के हजारा क्षेत्र में स्थित खादी फैक्ट्री और रेशम उद्योग से जुड़े कारीगरों को इन योजनाओं से सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर बजट की घोषणाएं पीलीभीत के कपड़ा उद्योग को नई दिशा देने वाली मानी जा रही हैं। केंद्रीय बजट में एक ओर विदेश यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा पर लगने वाले टीसीएस की दरों में कटौती कर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है, वहीं दूसरी ओर अघोषित विदेशी संपत्ति रखने वालों को मुख्यधारा में लौटने का अवसर देने के संकेत भी बजट में मिले हैं। बजट में विदेश यात्रा कार्यक्रमों पर पैकेज की बिक्री पर टीसीएस की दर घटाकर 2 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह विदेश में शिक्षा और चिकित्सा के लिए लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत टीसीएस की दर भी घटाकर 2 प्रतिशत कर दी गई है।

इसके अलावा कार्यबल सेवाओं पर लगने वाली टीडीएस की दर को भी घटाकर एक से दो प्रतिशत किया गया है। जिले के पूरनपुर, अमरिया और मझोला क्षेत्रों में सिख बहुल इलाकों में बड़ी संख्या में लोग अध्ययन वीजा पर विदेशों में रह रहे हैं। उनके परिजनों का भी विदेश आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में टीसीएस दरों में कटौती से इन परिवारों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# शिक्षा मंत्री ने किया सपनों के रंग फिल्म के पोस्टर का विमोचन

**असम (हमारा वतन)।** असम सरकार के शिक्षा मंत्री रनोज पेगु द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से प्रेरित शैक्षिक फीचर फिल्म 'सपनों के रंग' के पोस्टर का विमोचन किया गया। यह फिल्म भारत सरकार की शिक्षा सुधार पहलों तथा नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है। फिल्म के निर्देशक एवं लेखक तपतेश कुमार मेवाल ने बताया कि 'सपनों के रंग' विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल विचारों-समग्र विकास, कौशल-आधारित शिक्षा और नवाचार-से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फिल्म में केंद्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों एवं छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया है।और यह ग़ैर व्यावसायिक फिल्म जुलाई 2026 में भारत सरकार के सभी प्रमुख शैक्षिक संस्थानों एवं मीडिया माध्यमों पर रिलीज़ की जाएगी।




## जॉब्स

1. आरएसएमएसएसबी, पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 804, अंतिम तिथि 25 फरवरी 2026
2. इंडिया पोस्ट, पद जीडीएस पद संख्या 28636, अंतिम तिथि 14 फरवरी 2026
3. आरएसएमएसएसबी, पद लिपिक ग्रेड सेकंड/ कनिष्ठ सहायक, पद संख्या 10644, अंतिम तिथि 13 फरवरी 2026
4. संघ लोक सेवा आयोग, पद आई ए एस, पद संख्या 933, अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 2 मार्च 2026
6. बीएसएनल, पद सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 7 मार्च 2026
7. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सर्कल बेस्ड ऑफिसर, पद संख्या 2050, अंतिम तिथि 18 फरवरी 2026
8. हरियाणा लोक सेवा आयोग, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 102, अंतिम तिथि 26 फरवरी 2026

# होम गार्डनिंग में मुरझा गए हैं पौधे ये 5 खाद डालें,7 दिन में दिखेगा मैजिक



चाहे बेल वाले पौधे हों या फिर फूल वाले पौधे। इनमें खादों की सही मात्रा का इस्तेमाल करने से जादुई असर दिखाता है। लेकिन इन खादों का इस्तेमाल ध्यान में रखकर करना चाहिए। जिससे कि मौसम और पौधे की जरूरत के हिसाब से आप सही खाद का चुनाव कर सकें।होम गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोग अक्सर तरह-तरह के फल-फूलों के पौधे लगाते हैं। लेकिन वह अक्सर इस बार से परेशान होते हैं कि पौधों की ग्रोथ रुक गई है या कलियां आने से पहले गिर रही हैं। बता दें कि मिट्टी में समय के साथ पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। जिसको सिर्फ पानी देकर पूरा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में आप मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाकर पौधों को जड़ से मजबूत बनाती हैं।फिर वह चाहे बेल वाले पौधे हों या फिर फूल वाले पौधे। इनमें खादों की सही मात्रा का इस्तेमाल करने से जादुई असर दिखाता है। लेकिन इन खादों का इस्तेमाल ध्यान में रखकर करना चाहिए। जिससे कि मौसम और पौधे की जरूरत के हिसाब से आप सही खाद का चुनाव कर सकें।

**सीवीड फर्टिलाइजर**-सीवीड फर्टिलाइजर पौधों के लिए टॉनिक की तरह काम करती है। यह एक ठंडी खाद है और पौधों को धीरे-धीरे पोषण देती है। इसमें सूक्ष्म पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। 1 लीटर पानी में 10 ग्राम सीवीड घोलें और सामान्य पानी की तरह पौधों में डाल दें। इसको 6 महीने में सिर्फ 1 बार डालें। आप चाहें तो इसको सीधे मिट्टी में छिड़क सकते हैं।

**डीएपी**-अगर आपके होम गार्डनिंग के पौधे एकदम से सूखने लगे या खराब होने लगें, तो इमरजेंसी में डीएपी का इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल फौरन एनर्जी देने के लिए किया जाता है। डीएपी को पानी में घोलकर पौधों की जड़ों के पास डालें। यह खाद फूलों वाले पौधों के लिए सबसे अच्छा काम करती है और जड़ों को तेजी से फैलाती है।

**रॉक फास्फेट**-अगर आप डीएपी का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो रॉक फास्फेट एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसको आप सीधा मिट्टी में डाल सकते हैं या फिर पानी में मिलाकर दे सकते हैं। इसको डालते समय गमले की मिट्टी में नमी होना जरूरी है। तभी यह खाद सक्रिय रूप से काम करेगा। वहीं यह ध्यान रखें कि खाद डालते समय मिट्टी में हल्की नमी होनी चाहिए।

**एप्सम सॉल्ट**-बेलों के लिए मैग्नीशियम सल्फेट से भरपूर एप्सम सॉल्ट किसी वरदान से कम नहीं है। यह खास पौधों की पत्तियों को हरा-भरा रखने और प्रकाश संश्लेषण को बढ़ाने में मदद करता है। इसको इस्तेमाल करने के लिए 1 लीटर पानी में 3 से 5 ग्राम एप्सम सॉल्ट घोलकर डालें। यह खाद बेल वाले पौधों जैसे मनी प्लांट या सब्जियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।



**सरसों की खली**-सरसों की खली फल-फूल के लिए सबसे ताकतवार और गर्म खास है। इस खाद का असर 5 दिन में दिखने लगता है। 100 ग्राम खली को 1 लीटर पानी में 3 दिन के लिए भिगो दें। अब इस घोल में 10 लीटर सादा पानी मिलाकर इसको पतला कर लें और फिर पौधों में डाल दें। इस खाद का इस्तेमाल सिर्फ सर्दियों या ठंड के मौसम में करना चाहिए।

## बॉलीवुड चटकारा




# 2 बेटियों के बाद क्या अब फिर मां बनने वाली हैं रुबीना दिलैक? कहा- मैं प्रेग्नेंट हूं



रुबीना दिलैक की दोनों बेटियां पिछले साल ही नवंबर में 2 साल की हुई हैं। वहीं अब उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर कर फैंस को हैरान कर दिया है। रुबीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपना वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कह रही हैं आई एम प्रेग्नेंट।

**क्या कहा रुबीना ने**-इस वीडियो में इस लाइन के बाद उन्होंने कुछ नहीं कहा, लेकिन जिस तरह से उन्होंने कहा है, फैंस कन्फ्यूज हो रहे हैं कि ये सच में गुड न्यूज है या फिर कोई नए प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट।

**जब पहले की थी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट**-रुबीना और अभिनव शुक्ला ने साल 2023 में सोशल मीडिया पर प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट शेयर कर लिखा था, जब हम डेट कर रहे थे तब हमने एक दूसरे को वादा किया था कि हम साथ रहेंगे और दुनिया एक्सप्लोर करेंगे, इसके बाद हमने शादी की और अब बतौर परिवार ये सब करेंगे। जल्द हमारे छोटे ट्रैवलर आने वाले हैं।रुबीना और अभिनव ने साल 2018 में शादी की थी। वहीं बेटियों का जन्म 27 नवंबर 2023 में हुआ।

**बेटियों के अलग-अलग स्किन कॉम्पलैक्शन पर जब बोलीं रुबीना**-रुबीना ने कुछ दिनों पहले बताया था कि कैसे बेटियों के अलग-अलग स्किन कॉम्पलेक्शन की वजह से लोग दोनों में काफी कम्पैरिजन करते हैं। उन्होंने कहा था, मेरी एक बेबी फेयर हैं और दूसरी थोड़ी डस्की। लोग फिर कम्पेयर करते हैं जो काफी बुरा है। मैं हमेशा उन्हें कहती हूं कि मेरी बेटी खूबसूरत हैं फिर चाहे वो फेयर हैं या डस्की। मैं ये भी बोल देती हूं कि मेरे घर में ये कम्पैरिजन नहीं होना चाहिए। रुबीना ने आगे कहा था, 'कभी-कभी हमारे रिश्तेदार और परिवार वाले हमें ये सलाह देते हैं कि दाल का पेस्ट लगाओ या बेसन ताकि उसका कॉम्प्लैक्शन लाइट हो, लेकिन मैं बोल देती हूं, इसके बारे में सोचना भी मत। मेरी बेटियां खूबसूरत हैं।'

**प्रोफेशनल लाइफ**- रुबीना की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट लाफ्टर शेफ सीजन 2 और पति, पत्नी और पंगा शो में नजर आई थीं। पति, पत्नी और पंगा में वह और अभिनव जीते भी थे।

# विधायक मनीष यादव ने सदन में उठाया रोस्टर रजिस्टर का मुद्दा

**शाहपुरा (हमारा वतन)।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने विधानसभा में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाया।

विधायक यादव ने कहा की संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 16(4) के तहत अन्य पिछड़ा वर्गों,अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण (प्रतिनिधित्व) का प्रावधान किया गया लेकिन आरक्षण व्यवस्था को कैसे लागू किया जाए इसको लेकर 1997 में सुप्रीम कोर्ट के आर के सब्बरवाल जजमेंट के आधार पर डीओपीटी मंत्रालय ने जुलाई 1997 को रोस्टर रजिस्टर बनाने के लिए नियम बनाएं।



रोस्टर एक विधि है जिसके जरीये नौकरी में आरक्षण लागू किया जाता है लेकिन अगर इसे नियमानुसार लागू नहीं किया जाए या लागू करने में बेईमानी हो तो आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों की धज्जियां उड़ जाती है।

रोस्टर रजिस्टर सुनिश्चित करता है कि सरकारी नौकरी में आरक्षण के नियमों का पालन किया जाए जिससे OBC,SC, ST,MBC और EWS वर्गों के बेरोजगार युवाओं को उनके आरक्षण के अनुसार नौकरी में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। वही रोस्ट रजिस्टर से सरकारी नौकरी में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देता है लेकिन यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी आज 28 वर्षों के बाद भी प्रदेश के ज्यादातर विभागों का रोस्टर रजिस्टर नहीं बनाया हुआ है जिससे आरक्षण का मूल उद्देश्य आज भी पूरा नहीं हो पा रहा है विशेष रूप से पिछले 2 वर्षों की भर्तियों में पूरा आरक्षण किसी भी वर्ग को नहीं दिया गया है।



# जगदीश प्रसाद कुमावत बने प्रदेश मुख्य सलाहकार

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने सामाजिक सेवाओं एवं समर्पण को देखते हुए धोली मंडी, चौमूं निवासी जगदीश प्रसाद कुमावत को प्रदेश मुख्य सलाहकार के पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर उन्हें नियुक्ति पत्र भेंट किया गया।

नियुक्ति के पश्चात जगदीश प्रसाद कुमावत ने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने तथा उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुमावत, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सोलंकी, चौमूं नगर अध्यक्ष डॉ. सीताराम कुमावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हमारा वतन

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512


**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## सत्ता की निष्कंटक में सुनेत्रा की ताजपोशी

महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है। फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बच नहीं सकतीं। लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी। महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। शरद पवार तो खुलकर स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनकी ओर से जयंत पाटिल, अजित पवार से बात कर रहे थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजित और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजित के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजित के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गई। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा।


राम गोपाल सैनी

# आईबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभा सम्मान एवं विदाई समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

चौमूं शहर के पुरोहितों का मोहल्ला स्थित आईबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में 'प्रतिभा सम्मान एवं विदाई समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह का आगाज मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्राओं ने सुमधुर सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात शिक्षाविद् हजारी लाल शर्मा ने की। उन्होंने छात्रों को सफलता के मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि संस्कारों और ज्ञान का संगम है। कठिन परिश्रम और निरंतरता ही आपको जीवन के बड़े लक्ष्यों तक पहुँचाएगी।



विशिष्ट अतिथि यज्ञाचार्य महेश शास्त्री ने भी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सत्य प्रकाश पारीक द्वारा किया गया। उन्होंने अपनी ओजस्वी शैली और काव्य पंक्तियों से समां बांधे रखा। विद्यालय के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों के सम्मान में एकल व सामूहिक नृत्य और विदाई गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

विदाई ले रहे कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा किया, जिससे माहौल भावुक हो गया। अंत में संस्था सचिव श्याम किरण शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पारीक, जिला संगठन मंत्री शिक्षक संघ राष्ट्रीय अजय कुमार शर्मा, संभाग संयुक्त मंत्री मेघराज शर्मा, कैलाश तिवारी, ओमप्रकाश कुमावत, मदन कुमावत,धर्मेंद्र गवारिया, संदीप कुमावत, अलीमुद्दीन,आचार्य रामस्वरूप शर्मा, व्याख्याता लालचंद, राहुल कुमावत, राम सिंह, अनिल सेन, माया शर्मा, रीमा अग्रवाल, पूजा कुमावत, वैष्णवी जांगिड़, इंदु बिष्ट, कमल सेन, गुड्डु जांगिड़, तन्नू गौरी और रामबाबू ज्योतिषी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

**जयपुर (हमारा वतन)**

चौमूं शहर के गिरिराज नगर स्थित अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को आज भावभीनी विदाई दी गई। कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स को विदाई देने की संपूर्ण व्यवस्था की। स्कूल परिवार ने सभी दसवीं कक्षा के बच्चों को यादों के तौर पर ग्रुप फोटो भेंट की। डीजे की धुनों पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर मालीराम यादव और प्रधानाचार्य संगीता तिवारी ने भावुक होते हुए कहा कि 13 वर्षो से हम इन बच्चों को पढ़ा रहे हैं। आज यह स्कूल से दूर जा रहे हैं, लेकिन हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे। यह सभी उत्तरोत्तर वृद्धि करते जाएं यही ईश्वर से कामना है। मंच का संचालन ललित सैनी ने किया।



विदाई समारोह के दौरान विद्यालय स्टाफ योगेश शर्मा, अनुराग शर्मा, टिंकू नागर, मदन लाल यादव, पूजा शर्मा, इंद्रा शर्मा, रेखा अग्रवाल, मंजू सैनी, मोनिका बागोरिया, गीता नासना, रचना बागोरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राजश्री सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 144 युवाओं ने किया रक्तदान

**जयपुर (हमारा वतन)।** सामोद ग्राम के सरकारी हॉस्पिटल में शुक्रवार को राजश्री सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 144 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। फाउंडेशन के मनमोहन सिंह एवं संपत ने बताया कि शिविर में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, आरएलपी नेता छुट्टन यादव, डॉ, सुषमा यादव, युवा नेता कपिल कटारिया ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की।



कपिल कटारिया ने बताया कि मुझे गर्व होता है कि मैं रक्तदाता हूं। कभी-कभी पैसा जान नहीं बचा सकता, लेकिन दान किया गया रक्त बचा सकता है। खून की एक बूंद किसी की जान बचा सकती है। इसलिए रक्तदान अवश्य करें।


Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal

मोनिका प्रिन्टर्स

WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ

फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड

हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है

तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।

एक बार सेवा का मोका अवश्य दें

Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192

monikaprinters68@gmail.com


# ग्राम सिंगोद कलां और मोरीजा में नलकूप की मिली स्वीकृति, पूर्व विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**चौमूं (हमारा वतन)**



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं की ग्राम पंचायत सिंगोद कलां और मोरीजा में पेयजल समाधान हेतु नए नलकूप की स्वीकृति जारी की है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को पत्र लिखकर पेयजल के समाधान हेतु नलकूप स्वीकृति की माँग की थी, जिस पर विभाग द्वारा बंजारों की ढाणी सिंगोद कलां के लिए 17.89 लाख रुपए और ग्राम पंचायत मोरीजा के लिए 17.69 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि सिंगोद कलां और मोरीजा में पेयजल हेतु ट्यूबवेल और पाईप लाइन की स्वीकृति मिली है, जल्द ही इन ट्यूबवेलों का लाभ स्थानीय निवासियों को मिल सकेगा।


RNI No. 10311/1965 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512 उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी

E mail-hamarawatan65@gmail.com प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759 सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।